# माँ तुझे सलाम देशभक्ति गीत लिरिक्स

माँ तुझे सलाम,
वन्दे मातरम, वन्दे मातरम,
वन्दे मातरम वन्दे मातरम।bd।

यहाँ वहाँ सारा जहाँ देख लिया है,
कहीं भी तेरे जैसा कोई नहीं है,
अस्सी नहीं सौ दिन दुनिया घूमा है,
नहीं कहीं तेरे जैसा कोई नहीं,
मैं गया जहाँ भी,
बस तेरी याद थी,
जो मेरे साथ थी,
मुझको तड़पाती, रुलाती,
सबसे प्यारी तेरी सूरत,
प्यार है बस तेरा प्यार ही,
माँ तुझे सलाम,
वन्दे मातरम, वन्दे मातरम,
वन्दे मातरम वन्दे मातरम।bd।

---

तेरे पास ही मैं आ रहा हूँ,
अपनी बाहें खोल दे,
ज़ोर से मुझको गले लगा ले,
मुझको फिर वो प्यार दे,
तू ही जिंदगी है,
तू ही मेरी मोहब्बत है,
तेरे ही पैरों में जन्नत है,
तू ही दिल तू जा माँ,
माँ तुझे सलाम,
वन्दे मातरम, वन्दे मातरम,
वन्दे मातरम वन्दे मातरम।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com